# ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं में निवेश पर हुई चर्चा

लखनऊ। उप्र. नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा विकास अभिकरण (यूपीनेडा) ने ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं में निवेश के लिए शुक्रवार को संगोष्ठी का आयोजन किया। इसका उद्घाटन यूपीनेडा की सचिव नीलम ने किया। सौर ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के इच्छुक उद्योगों, वित्तीय संस्थानों, निर्माताओं आदि को एक मंच पर लाने के मकसद से यह आयोजन किया गया। वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए संगोष्ठी से जुड़े ऊर्जा दक्षता ब्यूरो के उप महानिदेशक डॉ. अशोक कुमार ने ऊर्जा दक्षता परियोजनाओं के वित्त पोषण का महत्व समझाया।

यूपीनेडा के अशोक श्रीवास्तव ने वित्तीय बाधाओं से ऊर्जा दक्ष परियोजनाओं को लागू करने में असमर्थ हितधारकों से इस पहल का लाभ उठाने की अपील की। संगोष्ठी में ईईएसएल के उप महाप्रबंधक आलोक मिश्रा, यूपी चीनी मिल एसोसिएशन के अध्यक्ष शरद कपूर, लखनऊ मैनेजमेंट एसोसिएशन के कार्यकारी निदेशक एके माथुर समेत उपभोक्ताओं, बैंकों और वित्तीय संस्थानों के प्रतिनिधि शामिल हुए। कई कंपनियों ने अपने ऊर्जा दक्ष उपकरण भी प्रदर्शित किए। ब्यूरो